आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननायक सम्राट



बर्ष :13 अंक :356 पृष्ठ -4 दिनांक 30 दिसम्बर 2024 दिन सोमवार

# पूर्व IPS अधिकारी आचार्य किशोर कुणाल के निधन

## CM योगी ने जताया दुख, क्या बोले मुख्यमंत्री?

पूर्व आईपीएस आचार्य किशोर कुणाल के परिवार के सदस्यों ने बताया कि उन्हें सुबह हृदयाघात हुआ जिसके बाद उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका निधन हो गया.बिहार राज्य धार्मिक न्यास बोर्ड (बीएसबीआरटी) के पूर्व प्रमुख और भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के सेवानिवृत्त अधिकारी आचार्य किशोर कुणाल का रविवार को पटना में हृदयाघात से निधन हो गया. उनके परिवार के सदस्यों ने यह जानक. ारी दी. वहीं उनके निधन पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी



दुख जताया है.सीएम योगी ने एक्स पर लिखा–ष्श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के संस्थापक सदस्य, महावीर मंदिर न्यास के सचिव आचार्य किशोर कुणाल का निधन अत्यंत दुःखद और सामाजिक व धार्मिक क्षेत्र की अपूरणीय क्षति है. उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि!प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्री चरणों में स्थान तथा शोकाकुल परिजनों एवं शुभचिन्तकों को यह अथाह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें. शांति!ष्कुणाल के परिवार के सदस्यों ने बताया कि उन्हें सुबह हृदयाघात हुआ जिसके बाद उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका निधन हो गया. 1972 बैच के सेवानिवृत्त भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी कुणाल पटना के प्रसिद्ध महावीर मंदिर ट्रस्ट के सचिव थे, यह ट्रस्ट राज्य में कई अस्पताल भी चलाता है.

## नैनीताल में नए साल पर दोगुना होगा जश्न का मजा



देश और दुनिया भर के पर्यटकों के लिए नैनीताल आकर्षण का केंद्र है. यहां हर साल लाखों की संख्या में पर्यटक घूमने के लिए आते हैं. न्यू ईयर पर नैनीताल पहुंचने वाले पर्यटकों के लिए होटल एसोसिएशन की तरफ से खास व्यवस्था की गई, पर्यटकों के लिए माल रोड़ पर गर्म हवा वाले हिटर के साथ ही माल रोड़ को लाइट से भी सजाया जाएगा. ताकि जो पर्यटक न्यू ईयर मनाने के लिए नैनीताल आ रहें हैं, उनके आनन्द को दोगुना किया जा सकें.हर साल न्यू ईयर पर हजारों की संख्या में पर्यटक नैनीताल घूमने के लिए आते हैं, यहां आने वाले पर्यटकों महीने पहले ही होटलों की बुकिंग शुरू कर देते हैं. इस साल न्यू ईयर पर पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए नैनीताल होटल एसोसिएशन की तरफ से द्वारा झील किनारे स्थित माल रोड को लाइट से सजाने के साथ ही पर्यटकों को ठंड से बचाने के लिए माल रोड़ पर हीटर भी लगाएं जाएंगे. नैनीताल में थर्टी फर्स्ट की रात को कई बार–1 सेल्सियस भी चलें जाता है, इसलिए इस साल होटल एसोसिएशन की तरफ से ये विशेष व्यवस्था की गई.होटल एसोसिएशन नैनीताल के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह ने मीडिया से बातचीत करते हुए बताया कि न्यू ईयर के अवसर पर हर साल देश और दुनिया के हजारों पर्यटक यहां पहुंचकर न्यू ईयर मनाते हैं. इसलिए इस साल होटल एसोसिएशन की तरफ से माल रोड को लाइट से सजाने, म्यूजिक की व्यवस्था के साथ साथ ही पर्यटकों को ठंड से बचाने के लिए हिटर की व्यवस्था की गई.पर्यटकों को हमारी व्यवस्था अच्छी लगेंगीउन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि न्यू ईयर पर आने वाले पर्यटकों को हमारी व्यवस्था अच्छी लगेंगी. उन्होंने कहा कि पिछले कई महीनों से ही होटलों में न्यू ईयर की बुकिंग आने लगी थी, और इस महीने बड़ी संख्या में पर्यटकों ने होटलों की बुकिंग कराई है. नैनीताल आने वाले पर्यटकों के लिए एंट्री पॉइंट पर ही होटलों के नम्बर और नामों की लिस्ट लगाई गई है. पर्यटकों को ठगों से बचाया जा सकें.पर्यटकों के होटल में पार्किंग की व्यवस्था होगी नैनीताल जनपद के एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि थर्टी फर्स्ट पर नैनीताल घूमने के बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं. इस दिन यहां पहुंचने वाले जिन पर्यटकों के होटल में पार्किंग की व्यवस्था होगी, उनके ही वाहनों को आने की परमिशन दी जाएंगी. इसके अलावा जो पर्यटक अपने निजी वाहनों के साथ आएंगे उनके वाहनों को नारायणनगर पार्किंग और खुर्पाताल बाइपास के बाहर ही रोड दिया जाएगा. यहां से उन्हें शटल के माध्यम से नैनीताल भेजा जाएगा. इसके साथ साथभीमताल,भवाली और कैंची धाम जाने वाले पर्यटकों के लिए मस्जिद तिराहे से शटल चलाई जाती है, इस व्यवस्था को इस बार भी जारी रखा जाएगा.

## संविधान हर कसौटी पर खरा उतरा, मन की बात कार्यक्रम में बोले पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात के 117वें संबोधन में संविधान को लेकर कई बातें कही. इस दौरान उन्होंने महाकुंभ और प्रयागराज का भी जिक्र किया. पीएम मोदी ने कहा कि हमारे संविधान निर्माताओं ने हमें जो संविधान सौंपा है, वो समय की हर कसौटी पर खरा उतरा है. उन्होंने कहा, ष्2025 में 26 जनवरी को हमारे संविधान को लागू हुए 75 वर्ष होने जा रहे हैं. हम सभी के लिए बहुत गौरव की बात है.ष्पीएम ने संविधान से जुड़ा वेबसाइट लॉन्च कियापीएम मोदी ने कहा, ष्देश के नागरिकों को संविधान की विरासत से जोड़ने के लिए http://constitution75-com नाम से एक खास वेबसाइट भी बनाई गई है. इसमें आप संविधान की प्रस्तावना पढ़कर अपना वीडियो अपलोड कर सकते हैं. अलग–अलग भाषाओं में संविधान पढ़ सकते हैं, संविधान के बारे में प्रश्न भी पूछ सकते हैं.ष प्रधानमंत्री ने मन की बात के श्रोताओं से, स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों से, कॉलेज में जाने वाले युवाओं से इस वेबसाइट का हिस्सा बनने का आग्रह किया.महाकुंभ की तैयारियों का पीएम ने किया जिक्रपीएम मोदी बीते दिनों प्रयागराज दौरे पर गए



थे. मन की बात कार्यक्रम में उन्होंने महाकुंभ की तैयारियों का भी जिक्र किया. पीएम मोदी ने कहा, ष्महाकुंभ की विशेषता केवल इसकी विशालता में ही नहीं है, बल्कि इसकी विशेषता विविधता में भी है. इस आयोजन में करोड़ों लोग एक साथ जुटते हैं. लाखों संत, हजारों परंपराएं, सैकड़ों संप्रदाय, अनेकों अखाड़े, हर कोई इस आयोजन का हिस्सा बनता है. कहीं कोई भेदभाव नहीं दिखता है, कोई बड़ा नहीं होता है, कोई छोटा नहीं होता है. अनेकता में एकता का ऐसा दृश्य विश्व में कहीं और देखने को नहीं मिलेगा.ष्बस्तर ओलंपिक से नई क्रांति जन्म ले रही पीएम मोदी ने कहा, ष्मलेरिया स्वास्थ्य चुनौतियों में से एक थी. डब्ल्यूएच के मुताबिक मलेरिया के मामलों में कमी आई है. भारत में मलेरिया बहुत कम.मन की बात कार्यक्रम में पीएम मोदी ने बस्तर ओलंपिक का भी जिक्र किया. पीएम मोदी ने कहा,बस्तर में एक अनूठा ओलंपिक शुरू हुआ. पहली बार बस्तर ओलंपिक से वहां एक नई क्रांति जन्म ले रही है. पहली बार में ही बस्तर ओलंपिक में 7 जिलों के एक लाख 65 हजार खिलाड़ियों ने भागलिया. यह सिर्फ एक आंकड़ा नहीं, यह हमारे युवाओं के संकल्प की गौरव गाथा है.

## बीजेपी नेता के भांजे पर हमला करने वाला आरोपी नोएडा से गिरफ्तार

मेरठ में भाजपा नेता दीपक शर्मा के भांजे विशाल पर जानलेवा हमला करने वाले आरोपियों में से एक की गिरफ्तारी हो गई है. मेरठ पुलिस ने दबिश देकर एक आरोपी को नोएडा से गिरफ्तार कर लिया है. इसी के साथ ही बाकी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए भी दबिश दी जा रही है. पुलिस का कहना है जिन आरोपियों की पहचान हो गई है उनकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है.मामला 25 दिसंबर की रात का है. मेरठ के देहली गेट थाना इलाके के शहर घंटाघर का रहने वाला विशाल अपने दोस्त के साथ मेरठ महोत्सव में शामिल होने गया था. मेरठ महोत्सव के समापन पर वो अपने दोस्त के साथ घर लौट रहा था, तभी जेलचुंगी चौराहे के पास उसे और उसके दोस्त को घेरकर करीब आधा दर्जन से ज्यादा युवकों ने पीटना शुरू कर दिया. दोस्त तो जैसे–तैसे भाग निकला, लेकिन विशाल को तब तक पीटा गया जब वो बेहोश नहीं हो गया. लहूलुहान हालत में विशाल को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई थी. नोएडा से एक आरोपी गिरफ्तार, अन्य की तलाश जारी विशाल अभी भी अस्पताल में भर्ती है और उसका इलाज चल रहा है. पुलिस को हमला करने वाले एक आरोपी युगम चौधरी की लोकेशन नोएडा में मिली तो पुलिस की एक टीम वहां के लिए रवाना कर दी गई. पुलिस ने युगम चौधरी को नोएडा से गिरफ्तार कर लिया. हालांकि उसका साथी अंश अभी तक भी पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ा है. अंश और उसके साथ मिलकर जानलेवा हमला करने वालों कीगिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है. पुलिस को कई लोगों के बारे में जानकारी भी मिल गई है.पुलिस कीजांच में ये बात निकलकर सामने आई है कि विशाल के दोस्त कार्तिक उर्फ गोल्डी की युगम चौधरी और अंश से शादी सामरोह के दौरान कहासुनी के बाद रंजिश हो गई थी. मेरठ महोत्सव के आखिरी दिन अंश और युगम चौधरी भी मेला देखने पहुंचे थे. बताया जा रहा है कि कार्तिक उर्फ गोल्डी ने फोन करके अंश को बाहर बुलाया था. इसके बाद कार्तिक उर्फ गोल्डी और अंश और युगम चौधरी पक्षों में मारपीट हुई थी, जिसके बाद कार्तिक उर्फ गोल्डी भाग निकला था, लेकिन का. र्तिक का साथी विशाल हत्थे चढ़ गया था. आरोप है कि अंश, युगम चौधरी और इनके कई साथियों ने विशाल को पीट–पीटकर लहूलुहान कर दिया था. इस मामले में मेडिकल थाना इलाके में मुकदमा दर्ज कराया गया था.एसपी सिटी बोले, जल्द पकड़े जाएंगे बाकी आरोपी बीजेपी नेता दीपक शर्मा के भांजे विशाल पर हुए जानलेवा हमले में एक आरोपी युगम चौधरी हत्थे चढ़ गया है. एसपी सिटी मेरठ आयुष विक्रम सिंह का कहना है कि बाकी आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा. युगम चौधरी से पूछताछ में कई बातें निकलकर सामने आई हैं और शादी समारोह में हुई कहा. सुनी इस हमले के पीछे की बडी वजह है. युगम चौधरी से उन लोगों के नाम भी पता चल गए हैं जो हमलें में शामिल थे, टीम लगी हुईं हैं जल्द बाकी आरोपी भी गिरफ्त में होंगे.

## जन शिकायतों को सुनकर शिकायतों के उचित, गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये



अमरोहा पुलिस अधीक्षक कुँवर अनुपम सिंह एवं जिलाधिकारी अमरोहा निधि गुप्ता वत्स द्वारा थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना अमरोहा नगर पर फरियादियों की समस्याओं को सुना गया तथा अधिकारियों कर्मचारियों को टीम बनाकर मौके पर जाकर शिकायतों को गम्भीरता से लेकर शत–प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया । द्वारा निर्देशित किया गया कि थाना समाधान दिवस में प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण जल्द से जल्द किया जाना चाहिए जिन प्रार्थना पत्रों का निस्तारण उच्चाधिकारी स्तर से किया जाना है उन पर रिपोर्ट लगाकर सम्बंधित अधिकारी को प्रेषित करें जिससे समय से उचित निस्तारण कराया जा सकें।

रिपोर्ट डॉ आसिफ सिद्दीकी अमरोहा।

## अवैध हथियार सप्लाई करने वाले दो अपराधी गिरफ्तार

लखनऊ उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में शनिवार को अवैध हथियारों के सप्लायर दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधीक्षक (एसपी) रोहित मिश्रा ने बताया कि थाना खुर्जा नगर क्षेत्र निवासी एक हथियार तस्कर रिजवान अंसारी को गिरफ्तार किया गया। वह तीन महीने से दिल्ली में अवैध हथियारों की तस्करी के मामले में जेल में बंद था। वह 26 दि. संबर को जमानत पर रिहा हुआ था। जेल से छूटने के बाद आरोपी ने अपने साथियों के साथ रिहाई की खुशी में मो. हल्ले में जश्न मनाया था। उन्होंने बताया कि जश्न के दौरान अवैध असलहों से हवाई फायरिंग की गई थी। जिससे आ. सपास के क्षेत्र में भय का माहौल पैदा हो गया था। इस संबंध में थाना खुर्जा नगर में मुकदमा दर्ज किया गया था। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस की दो टीम जांच कर रही थी। इसी बीच आरोपी के गाड़ी से कहीं जाने की खबर मिली। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को उसके साथी के साथ



गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से अवैध हथियार भी बरामद किए गए। एसपी रोहित मिश्रा ने बताया कि तलाशी के दौरान सात अवैध तमंचे और दो पिस्टल के साथ कारतूस भी बरामद किया गया। दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है, दोनों को जेल भेजा जा रहा है। बता दें कि अपराधी के जेल से निकलते ही उस पर बुलंदशहर पुलिस की निगरानी शुरू हो गई थी। जैसे ही वह बुलंदशहर के खुर्जा में अपने घर पहुंचा तो आतिशबाजी शुरू हो गई। पुलिस को इंतजार था। बुलंदशहर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

## बुजुर्गों ने दो ट्रैक्टरो से जंजीर बांधकर स्टंट किया

अमरोहा जनपद के आदमपुर थाना क्षेत्र के ढवारसी का बताया जा रहा है। अब बुजुर्गों ने भी युवाओं की तरह स्टंट बाजी का रुख अपना लिया है। हाल ही में दो बुजुर्गों द्वारा दो ट्रैक्टरों को जंजीर से बांधकर जोर आजमाइश करने का वीडियोइस वीडियो में साफ देखा जा रहा है की किस तरह ट्रैक्टरों के बीच जोर लगाने के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन किया गया हैं। की इस स्टंट को देखने के लिए भारी संख्या में लोग जमा थे। जबकि ट्रैक्टर चालकों ने अपनी जान की परवाह न किए बिना स्टंट कर रहे थे।, सकता था।स्टंट बाजी का यह मामला अब चर्चा का विषय बन गया है। और पुलिस ने इस वीडियो के आधार पर कार्यवाई शुरू कर दी आदमपुर थानाध्यक्ष सुकरमपाल राणा ने मामले की जानकारी दी,और कहां की कार्यवाई की जा रही है। इस तरह की स्टंट बाजी जानलेवा हो सकती है। और यह अभी युवाओं के साथ–साथ अब बुजुर्गों के बीच भी एक खतरनाक ट्रेड बन चुका है। पुलिस ने इस पर कड़ी नजर रखे हुए हैं। और मामले में उचित कार्यवाई सुनिश्चित करेगी।

रिपोर्ट डॉ आसिफ सिद्दीकी अमरोहा।

# पहले चोरी किया डाटा, फिर कंपनी को लगा दिया 12 करोड़ का चूना

# बैंक मैनेजर समेत पूरा गिरोह चढ़ा पुलिस के हत्थे



कर्नाटक पुलिस ने संवेदनशील डेटा चुराकर करोड़ों रुपये की ठगी करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड किया है। पुलिस ने गुजरात के एक्सिस बैंक के कॉर्पोरेट डिवीजनल मैनेजर के साथ चार व्यक्तियों के एक गिरोह को गिरफ्तार किया है, जिन पर एक कंपनी से करोड़ो ठगने का आरोप है। ठगों से मिली 1 करोड़ 83 करोड़ की नकदी बेंगलुरु पुलिस कमिश्नर बी दयानंद के अनुसार, बेंगलुरु ईस्ट सीईएन पुलिस (साइबर अपराध, आर्थिक अपराध, नारकोटिक्स) ने संदिग्धों को गिरफ्तार किया और उनके पास से 1.83 करोड़ रुपये नकद, दो मोबाइल फोन और एक फर्जी कॉर्पोरेट इंटरनेट बैंकिंग (सीआईबी) फॉर्म जब्त किया गया। कैसे हुआ ठगी का खुलासा? बता दें कि बेंगलुरु में ड्रीम प्लग पे टेक सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड (सीआरईडी) के निदेशक द्वारा 15 नवंबर को सीईएन ईस्ट पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई गई थी। जिसके बाद जांच शुरु हुई। शिकायत में कंपनी के खातों से 21.51 करोड़ रुपये की हेराफेरी का आरोप लगाया गया। कंपनी के नोडल और चालू बैंक खाते बेंगलुरु में एक्सिस बैंक की इंदिरानगर शाखा में थे।पुलिस ने बताया कि अजनबियों ने कंपनी के खातों से जुड़े ईमेल पते और संपर्क नंबरों तक पहुंच प्राप्त कर ली थी। इसके बाद साइबर जालसाजों ने कंपनी का डेटा चुराया, सीआईबी फॉर्म जाली बनाया और 17 विभिन्न बैंक खातों में 12 करोड़ 51 लाख 13 हजार रुपये ट्रांसफर की सुविधा के लिए गलत हस्ताक्षर और मुहर लगा दी। पुलिस ने जांच की तो खुला राज शिकायत दर्ज करने के बाद, ईस्ट सीईएन पुलिस ने एक जांच शुरू की और प्राथमिक संदिग्ध को गिरफ्तार किया, जो गुजरात में एक्सिस बैंक में कॉर्पोरेट डिवीजन के प्रबंधक के रूप में काम करता था। जांच में पता चला कि आरोपी ने अन्य लोगों के साथ मिलीभगत करके कंपनी का डेटा चुराया था और अपराध को अंजाम दिया था इन जाली दस्तावेजों का उपयोग करके, आरोपियों ने कंपनी के इंटरनेट बैंकिंग खातों तक पहुंच प्राप्त की और राजस्थान और गुजरात में 17 जाली खातों में पैसे ट्रांसफर किए। आरोपियों को 10 दिनों की पुलिस हिरासत में भेजा गया चारों संदिग्धों को 20 दिसंबर को गुजरात के सूरत, नवसारी और राजकोट से पकड़ा गया। उन्हें स्थानीय अदालत में पेश किया गया और बाद में आगे की जांच के लिए बेंगलुरु लाया गया। आरोपियों को 10 दिनों की पुलिस हिरासत में भेज दिया

## बीट हाउस का डीएम एसपी ने फीता .काटकर शुभारंभ किया।



अमरोहा में थाना देहात क्षेत्र के बम्बूगढ़ चौराहे पर नवनिर्मित श्बीट हाउसश् का आज भव्य उद्घाटन किया गया। जिलाधिकारी निधि गुप्ता और पुलिस अधीक्षक कुँवर अनुपम सिंह ने फीता काटकर इसका शुभारंभ किया। इस मौके पर दोनों अधिकारियों ने श्बीट हाउसश् को लेकर महत्वपूर्ण दिशा–निर्देश भी दिए।अमरोहा पुलिस ने कम्युनिटी पु. लिसिंग को नई दिशा देने के लिए श्बीट हाउसश् प्रोजेक्ट शुरू किया है। पुलिस अधीक्षक कुँवर अनुपम सिंह के नेतृत्व में इस पहल का उद्देश्य बीट प्रणाली को और अधिक मजबूत बनाना है। इसके तहत सभी थाना क्षेत्रों में प्रमुख स्थानों पर श्बीट हाउसश् बनाए जा रहे हैं।श्बीट हाउसश् में सीसीटीवी कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जिससे क्षेत्र के संवेदनशील स्थानों पर नजर रखी जा सकेगी। हर श्बीट हाउसश् पर संबंधित पुलिसकर्मी का फोन नंबर अंकित होगा, ताकि किसी भी समस्या के लिए स्थानीय लोग सीधे संपर्क कर सकें।बीट पु. लिसकर्मी समय–समय पर स्थानीय निवासियों के साथ श्बीट हाउसश् में बैठक करेंगे। इस दौरान क्षेत्र की समस्याओं पर चर्चा होगी और समाधान के लिए उच्चाधिकारियों को जानकारी दी जाएगी। इस पहल का मुख्य उद्देश्य अपराधों पर प्रभावी रोकथाम, बेहतर कानून व्यवस्था और आम लोगों में सुरक्षा का भरोसा बनाए रखना है।बीट हाउसश् सिर्फ एक भवन नहीं, बल्कि स्थानीय लोगों और पुलिस के बीच सामंजस्य स्थापित करने का जरिया है। इसका लक्ष्य हर गांव और मोहल्ले को विवाद मुक्त बनाना, अपराधियों पर सख्त कार्रवाई करना और लोगों को यह भरोसा दिलाना है कि उनकी सुरक्षा पुलिस की प्राथमिकता है।

रिपोर्ट डॉ आसिफ सिद्दीकी अमरोहा।

## मशहूर रेडियो जॉकी सिमरन सिंह ने की आत्महत्या, . पुलिस ने परिवार को सौंपा शव



मशहूर रेडियो जॉकी सिमरन सिंह ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली. बुधवार देर रात पुलिस ने पोस्टमॉर्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया. वो गुरुग्राम के सेक्टर–47 के सोसाइटी में किराए पर रह रही थीं. उन्हें पार्क हॉस्पिटल में ले जाया गया था, जहां मृत घोषित कर दिया गया. पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है.इंस्टाग्राम पर आरजे सिमरन सिंह के छह लाख से ज्यादा फॉलोअर्स हैं. उन्होंने अपना आखिरी सोशल मीडिया पोस्ट 13 दिसंबर को किया था. इसमें वो एक गाने पर बीच के किनारे डांस करती दिख रही हैं.सिरमन अपने अंदाज के लिए प्रशंसकों के बीच मशहूर थीं. उनके इंस्टाग्राम पोस्ट पर कई फनी वीडियोज हैं जिन्हें उनसे फॉलोअर्स बेहद पसंद करते थे. उनकी खबर सुनकर प्रशंसकों को गहरा सदमा लगा है.जम्मू के नानक नगर की रहने वाली थी सिमरन आरजे सिमरन सिंह जम्मू के नानक नगर की रहने वाली थीं. आरजे सायमा ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, श्ऐसे जिंदादिल इंसान का कितना दुखद अंत हुआ. पता नहीं कोई किस दौर से गुजर रहा है. यह हृदयविदारक है. उनकी आत्मा को शांति मिले.जम्मू–कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला और नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने सिमरन सिंह की मौत पर शोक जताया. नेशनल कॉन्फ्रेंस एक्स पर लिखा, श्आरजे सिमरन के नाम से मशहूर और प्यार से जम्मू की धड़कन कहलाने वाली सिमरन सिंह के दुखद और असामयिक निधन पर फारूक अब्दुल्ला और उमर अब्दुल्ला गहरा दुख व्यक्त किया. डॉ. फारूक अब्दुल्ला और उमर अब्दुल्ला ने इस कठिन समय के दौरान सिमरन के परिवार, दोस्तों और अनगिनत प्रशंसकों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त की. उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति और उनके प्रियजनों को इस अकल्पनीय क्षति को सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की.

## शादियों पर जमकर पैसे लुटा रहे भारतीय! रिजॉर्ट कल्चर ने बढ़ाया बजट, हर शादी पर कितना हो रहा खर्च?

नई दिल्ली. भारतीय अब शादी–विवाह पर जमकर पैसे लुटा रहे हैं. साल 2024 में मध्य वर्ग और उच्च मध्य वर्ग ने भी शादी–विवाह पर जमकर खर्चा किया. हालिया रिपोर्ट बताती है कि अब 2020–2021 में शादी के बाजार में आई मंदी अतीत की बात लगने लगी है. जस्टडायल की दिसंबर में जारी रिपोर्ट में बताया गया है कि महानगरीय शहरों में विवाह सेवाओं की मांग में 34 प्रतिशत की वृद्धि हुई. इसमें राष्ट्रीय राजधानी में विवाह संबंधी खोजों में 44 प्रतिशत और रिजॉर्ट स्थल खोजों में चार गुना वृद्धि दिख रही है.विवाह संबंधी सभी योजनाएं मुहैया कराने वाले वेडमीगुड सर्वेक्षण के अनुसार, इस वर्ष नवंबर तक विवाह बजट में सालाना आधार पर 6.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई है. औसत खर्च 35.6 लाख रुपये रहा है.अखिल भारतीय व्यापारी परिसंघ (कैट) द्वारा साझा किए गए आंकड़े भी इसी तरह के खर्चे का संकेत देते हैं.क्या कहते हैं आंकड़े कैट के संस्थापक एवं महासचिव प्रवीण खंड. `लवाल ने बताया कि 2022 में औसत शादी का खर्च लगभग 20 लाख रुपये था. साल 2023 में यह बढ़कर 25 लाख रुपये हो गया, जबकि इस साल यह बढ़कर 30 लाख रुपये प्रति शादी पहुंच गया है. सोने और आभूषणों की कीमतें भी वर्ष भर बढ़ीं, जो शादी–ब्याह पर होने वाले खर्चों के संबंध में लोगों की मानसिकता को बताती है. नवंबर में देश का सोने का आयात चार गुना बढ़कर 14.86 अरब डॉलर हो गया.सोने के भाव ने बढ़ाया खर्चा जनवरी में सोने की कीमतें 63,500 रुपये प्रति 10 ग्राम थीं, जो दिसंबर में 80,000 रुपये के आसपास हैं.

## नगर पंचायत के सामुदायिक शौचालय .का हाल बदहाल





नगर पंचायत के सामुदायिक शौचालय का हाल बदहाल। वार्ड नंबर 14 में बना सामुदायिक शौचालय का हाल बद से बत्तर हो चुका है। जबकि इसका निर्माण ग्राम पंचायत कार्यकाल में कराया गया था जिसका मकसद था जो मेंन मार्केट में व्यापारी रहते हैं उनके लिए इस सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराया गया था जो की मेंन मार्केट के बिल्कुल और ग्राम पंचायत कार्यालय के पास में है जिसका हाल आप देखेंगे की बहुत ही बुरा हो चुका है शौचालय का हाल देखकर निकलने वाले को भी उस रास्ते से निकलना बड़ा मुश्किल होता है शौचालय के अंदर देखा जाए तो गंदगी के अंबार लगे हुए हैं आम पब्लिक की सुविधा के लिए शौचालय का निर्माण कराया गया था परंतु नगर पंचायत बने हुए भी लगभग 2 वर्ष के लम सम होने वाले हैं मगर इस शौचालय पर नगर पंचायत के संबंधित अधिकारियों का कोई भी ध्यान नहीं है ना तो शौचालय के अंदर पानी की व्यवस्था ना ही सफाई कर्मचारियों द्वारा सफाई की व्यवस्था शौचालय के अंदर इतने बुरे हाल हैं कि उसके अंदर सोच करना भी बड़ा मुश्किल हो गया है। जबकि यहां पर सफाई कर्मी रोज आते हैं परंतु इस शौचालय की कोई भी सफाई नहीं की जाती ग्राम पंचायत कार्यकाल में यहां पर पानी की व्यवस्था भी कराई गई थी आज हाल यह है कि ना तो इसमें पानी की व्यवस्था है और ना ही सफाई की व्यवस्था इसका जिम्मेदार कौन ? जबकि जिंदगी का अहम हिस्सा एक सफाई भी है बीमारी से बचने का महत्वपूर्ण अंग है सफाई परंतु सफाई तो दूर की बात यहां तो पानी की व्यवस्था नहीं कि गई। अब देखना होगा कि संबंधित अधिकारी इस पर कब तक संज्ञान लेते हैं और सामुदायिक शौचालय को बेहतर कब तक बनाते हैं यह शौचालय वार्ड नंबर 14 मोहल्ला मनिहारान में आता है

रिपोर्ट डॉ आसिफ सिद्दीकी अमरोहा।

## हनीट्रैप गैंग की सदस्य रीना सागर गिरफ्तार, युवक का अश्लील वीडियो बनाकर किया था ब्लैकमेल



बरेली में पुलिस ने हनीट्रैप गिरोह पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। गिरोह की सरगना ममता दिवाकर उर्फ मधु के बाद सक्रिय सदस्य रीना सागर को गिरफ्तार कर लिया है।बरेली में पुलिस ने हनीट्रैप गिरोह पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। गिरोह की सरगना ममता दिवाकर उर्फ मधु के बाद सक्रिय सदस्य रीना सागर को गिरफ्तार कर लिया गया। बारादरी थाना पुलिस ने पीड़ित शुभनेश कुमार की ओर से दर्ज मुकदमे में यह कार्रवाई की है। शुभनेश को रीना ने अपने साथी सत्यवीर व गिरोह के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर झांसे में लिया था। उसे नशीला पदार्थ खिलाकर अश्लील वीडियो बनाई और पांच लाख रुपये की मांग करने लगे थे। पुलिस ने रीना को मिनी बाईपास स्थित उसके कमरे से गिरफ्तार कर लिया। दो दिन पहले सरगना मधु को जेल भेजा गया था।वर्ष 2023 में नवाबगंज क्षेत्र के शाहपुर निवासी शुभनेश किसी काम से विकास भवन आए थे। संजयनगर निवासी रीना उर्फ शीतल ने कॉल कर शुभनेश को मिलने बुलाया और अपने मकान में ले गई। वहां माधुरी, ममता उर्फ मधु और सत्यवीर पहले से थे। शुभनेश को कोल्ड ड्रिंक में नशा देकर बेहोश कर दिया।बेहोशी की हालत में शुभनेश के आपत्तिजनक फोटो और वीडियो बना लिए। उसका डेबिट कार्ड और नकदी भी छीन ली थी। सादा कागजों पर हस्ताक्षर कराए थे। पांच लाख रुपये देने के आश्वासन पर शुभनेश को छोड़ा था। कोर्ट के आदेश पर अप्रैल में मुकदमा दर्ज किया गया था। इस मामले में नामजद माधुरी और सत्यवीर अब भी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं।गिरोह के चंगुल में फंसकर डॉक्टर ने गंवाई थी जान हनीट्रैप गिरोह के चंगुल में फंसकर सुभाषनगर क्षेत्र के डॉ. अमरेंद्र चौहान ने आत्महत्या कर ली थी। गिरोह की सदस्य प्रिया गंगवार ने उनको धोखे से संजयनगर बुलाया था। बाद में उनको कर्मचारीनगर स्थित एक मकान में ले जाकर अश्लील वीडियो बना लिया था। डॉक्टर से डेबिट कार्ड छीनकर 50 हजार रुपये निकाल लिए थे। ममता उर्फ मधु के नाम से फर्जी कागजात तैयार किया गया। उसमें दर्शाया गया कि डॉक्टर ने मधु से एक लाख रुपये उधार लिए हैं। इसके बाद बाकी 50 हजार रुपये की वसूली के लिए गिरोह के सदस्यों ने डॉक्टर के घर और क्लीनिक पर जाकर हंगामा किया था। इससे परेशान होकर डॉक्टर ने आत्महत्या कर ली थी। इस मामले में ममता, हिमानी, शुभम और मोहित को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था।

## बालिकाओं व महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान, स्वस्थ रिलेशनसिप एवं साइबर हिंसा, प्रेम सम्बन्धों में घर से पलायन जैसे अपराध से बचने को लेकर किया गया जागरूक।






**कासगंज संवाददाता अमित कुमार** : उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक कासगंज अंकिता शर्मा के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रांतर्गत महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा गांव, कस्बों, स्कूल–कॉलेजों, बस स्टैण्ड सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर भ्रमण कर प्राथमिकता के आधार पर महिलाध्बालिक. ाओं को जागरुक करने के साथ ही उनकी समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में चौपाल का आयोजन कर जनजागरुकता अभियान चलाया जा रहा है तथा महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ जुड़ कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है । इस दौरान महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा ग्राम चौपाल आयोजित एवं विद्यालयोंध्स्कूलध्कालेजों में उपस्थित महिलाओंध्युवतियोंध्छात्राओं एवं उप. स्थित स्कूल स्टाफ को मिशन शक्ति अभियान के मुख्य उद्देश्यों से महिलाओं में वैचारिक एवं व्यवहारिक परिवर्तन लाये जाने हेतु उनकी सुरक्षा, सम्मान, स्वस्थ रिलेशनसिप एवं साइबर हिंसा, प्रेम सम्बन्धों में घर से पलायन एवं महिलाओं की सहायता हेतु बने कानूनी प्रावधानों का दुरुपयोग कर झूठे अभियोग पंजीकृत कराये जाने के दुष्परिणामों एवं सोशल मीडिया प्लेटफार्मों का सतर्कता एवं सावधानी से प्रयोग किये जाने एवं किसी अपराध का बोध होने पर बिना संकोच स्थानीय थाना पर शिकायत करने से सम्बन्धित बिन्दुओं को इंगित करते हुए विस्तार से उनकी जानकारी दी गई एवं जागरुक किया गया साथ ही शासन द्वारा संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों जिनमें वूमेन पॉवर लाइन–1090, पुलिस आपातकालीन सेवा–112, एम्बुलेंस सेवा–108, चाइल्ड लाइन–1098, स्वास्थ्य सेवा–102, महिला हेल्पलाइन–181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन–1076 तथा सार्थक और सकारात्मक चर्चा कर गुड टच, बैड टच के बारे में, घरेलू हिंसा के बारे में, साइबर अपराधों के बारें में साइबर हेल्पलाइन–1930 आदि सहित कानूनी प्रावधानों एवं उनके अधिकारों इत्यादि के बारें में चर्चा करते हुए शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं के विषय में जानकारी दी गयी।

# यूपी में बारिश के बाद आई कंपकंपी वाली सर्दी

# AMU के प्रोफेसर बोले- अब पड़ेगी कड़ाके की ठंड

अलीगढ़ पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में पिछले दो दिनों से लगातार हल्की बा. रिश का सिलसिला जारी है, जिससे अलीगढ़ में काफी ठंड बढ़ गई है. इस वजह से अलीगढ़ वासियों को काफी दिक्कतों का सामना भी करना पड़ रहा है. लोगों की रातों में कंपकंपी छूट रही है. हालांकि मौसम विभाग के अनुसार रविवार को भी हल्की बारिश का मौसम रहेगा, जिससे अलीगढ़ वासियों को बा. रिश के मौसम का सामना तो करना पड़ेगा ही. साथ ही धीरे–धीरे कड़ाके की ठंड का असर भी देखने को मिलेगा. जिसकी शुरुआत 30 दिसंबर रविवार से हो जाएगी. छाया रहेगा घना कोहरामा. "सम विभाग के अनुसार पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ शहर में रविवार को घना कोहरा भी देखने को मिलेगा, जिससे सुबह के समय काफी ठंड का एहसास भी अलीगढ़ वासियों को हो जाएगा. इतना ही नहीं अब ठंड की



दस्तक भी बेहतर तरीके से देखने को मिलेगी, जिसमें बर्फीली हवाएं चलने की भी संभावना है. इससे रात के समय के तापमान में काफी गिरावट भी देखने को मिलेगी जानें कितना रहेगा न्यूनतम तापमान आपको बता दें कि मौसम विभाग के अनुसार रविवार को दिन में जहां 20 डिग्री सेल्सियस तापमान रहने की संभावना है. वहीं, रात के समय की अगर बात की जाए, तो तापमान में काफी गिरावट देखने को मिलेगी. यह 12 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है. वहीं, |डन् के भूगोल विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डा. अहमद मुजतबा सिद्दीकी ने बताया कि अब लगातार तापमान कम होने के साथ ही ठंडक बढ़ेगी. नए साल का जश्न भी कड़ाके की ठंड के बीच मनेगा. वहीं, यह मौसम इस समय गेहूं, आलू और सरसों के लिए काफी अच्छा है.

## समाज कल्याण सेवा संस्थान द्वारा नए व पुराने कपड़ों का वितरण किया गया




अलीगढ़ समाज कल्याण सेवा संस्थान ट्रस्ट रजिस्टर्ड कार्य क्षेत्र संपूर्ण भारत अलीगढ़ के द्वारा कंपनी बाग पर जरूरतमंदों के लिए नए व पुराने गर्म कपड़ों का वितरण किया गया जिसमें उनके द्वारा मनपसंद कपड़े पाकर एवं मिष्ठान खाकर उनके चेहरों पर खुशी देखी गई इस अवसर पर लगभग 500 व्यक्तियों द्वारा कपड़े लिए गए इस अवसर पर संस्थापक अध्यक्ष राजेश गौड़ ने कहा की संस्था का मुख्य उद्देश्य गरीब से गरीब व्यक्ति की हर प्रकार से मदद करना है इसी क्रम में आज उनके लिए कपड़ा वितरण कार्यक्रम रखा गया है प्रवक्ता डॉ विनय कुमार शर्मा ने बताया की 5 जनवरी रविवार को जरूरतमंदों के लिए कंबलों ,वॉकर, रजाई आदि का वितरण किया जाएगा स 101,कृष्णापुरी गली नंबर 3 स्थित केंद्रीय कार्यालय पर आधार कार्ड की छाया प्रति लेकर अपना पंजीकरण कर सकते हैं । इस अवसर पर संस्थापक अध्यक्ष राजेश गौड़ , संरक्षक देव प्रकाश गुप्ता, प्रवक्ता डॉ विनय कुमार शर्मा ,उपाध्यक्ष अनिल शर्मा ,मंत्री आनंद वर्धन, सांस्कृतिक मंत्री चंद्रप्रकाश चंदेल , संगठन मंत्री हरि शंकर पोरवाल, प्रचार मंत्री देवदत्त, राकेश शर्मा उपस्थित रहे तथा चंद्रप्रभा शर्मा कौशल किशोर वार्ष्णेय राजश्री, विजय कुमार पचीसिया ,डॉ विजय प्रकाश गौड़ का विशेष सहयोग रहा । अध्यक्ष द्वारा सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया

## श्री चौतन्य प्रभु की लीला के समापन के दिन हुआ नरसी भात कार्यक्रम का आयोजन

श्री गौरांग प्रेम मंडल के तत्वाधान मैं पूजा सोमानी ने बताया कि आज 15वें दिन श्री रघुनाथ होम्स बापूधाम सरसौल में श्री चौतन्य प्रभु की लीला श्री स्वामी प्रदीप कृष्ण ठाकुर जी द्वारा, आज बहुत सुंदर नरसी मेहता जी का भात भरना है और उनके पास कुछ नहीं है उन्होंने कृष्ण जी को आवाज लगाई और उनकी गुहार सुनकर के भगवान कृष्ण ने इतना सुंदर इंतजाम भात का किया सभी की आंखों में आंसू आ गए और इस तरीके से आज लीला का समापन हुआ भक्तजन राजू निधि प्रभाकर मुन्ना लाल जी अग्रवाल हाथरस वाले सीमा संजय अग्रवाल मनोज स्वेच्छा अग्रवाल सुनील शिल्पी अग्रवाल प्रवीण आरती अग्रवाल नमन गुप्ता, पूजा सोमानी अंजलि मनीष भटनागर, शिल्पी पंकज बंसल, क्षमा सुमित गोयल, स्वाति नितिन वार्ष्णेय, रूबी प्रदीप हरकूट विनीत जैन आज बहुत ही भक्तगण उपस्थित रहे व समस्त रघुनाथ होम परिवार



## साथी एम.एम. राय के पंजाब नैशनल बैंक स्टाफ एसोसिएशन के पुनः महामंत्री चुने जाने पर बैंक कर्मचारियों ने किया भव्य स्वागत

अलीगढ़ |पंजाब नैशनल बैंक स्टाफ एसोसिएशन उ.प्र.के साथी एम.एम.राय के महामंत्री एवं साथी ललित श्रीवास्तव के अध्यक्ष चुने जाने पर अलीगढ़ जनपद के बैंक कर्मच. ारियों ने उनका भव्य स्वागत किया |समारोह की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रवेन्द्र कुमार सूर्या ने की जिसमें सैकड़ों लोग उपस्थित रहे वहीं अपने प्रिय नेताओं के होटल में पहुंचने पर जिंदाबाद आदि नारों से मीटंग हॉल गूंज उठा जिसके बाद साथियों ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं महामंत्री को माला पहनाकर तथा बुके देकर उनका अभिन. न्दन एवं स्वगत किया और जिला मंत्री साथी जितेन्द्र कुमार ने मंच का संचालन किया एवं साथी एम.एम. राय के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला |साथी एम.एम.राय वर्तमान में यू.पी. बैंक एम्प्लाइज यूनियन के महामंत्री हैं और पिछले एक दशक से अधिक समय से पंजाब नैशनल बैंक स्टाफ एसोसिएशन उ.प्र.के महामंत्री रहे है |इतना ही नहीं पूर्व में एम.एम.राय बैंक कर्मचारियों के सर्वोच्च संगठन ।.ए.ठ.म.। के उपाध्यक्ष भी रह चुके हैं और इनका व्यक्तित्व जुझारू कर्मठ और हमेशा कर्मचारी हितेषी रहा है |साथी एम.एम.राय ने सभा को संबोधित करते हुए बताया कि राष्ट्रीयकृत बैंकों में लगभग 2 लाख से अधिक पद रिक्त पड़े हैं जिसमें से लगभग 5000 कामगारों की भर्ती की हुई है जिसमें से संपूर्ण उत्तर प्रदेश में केवल 600 कर्मचारियों की भर्ती हुई है इससे बैंकों में ग्राहक सेवा प्रभावितहोगी। इसके अलावा आज बैंकों से ग्राहकों एवं समाज की अपेक्षाएं बहुत अधिक बढ़ गयी है,बैंक के खराब ऋणों की वसूली नहीं हो पा रही है और इन सब कार्यों के लिए पर्याप्त स्टाफ की भर्ती की आवश्यकता है जिसे सरकार नहीं कर रही है |सरकार की श्रम सुधार नीति बैंक कर्मचारी एवं अधिकारियों के हितों के विरुद्ध है तथा बैंक संगठनों पर लगातार हमले हो रहे हैं। इस सभा में जगमोहन शर्मा,सहायक महामंत्री उत्कर्ष सिंह और संगठन मंत्री भी उपस्थित रहे तथा इन्होने भी सभा को संबोधित किया जबकि एम.एम.राय ने अलीगढ के साथियों की भूरि– भूरि प्रशंसा की और सभी से उनकी समस्याओं का जायजा लिया और उचित समाधान का आश्वासन भी दिया और इस सभा में जनपद के सैकड़ों कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खैर विधायक ने ली यमुना नदी किनारे कटान की जानकारी, बनेगी टक्कर, मिलेंगे सीएम योगी से

अलीगढ़ टप्पल क्षेत्र में यमुना की कटान से प्रभावित किसानों को राहत दिलाने के लिए खैर विधायक सुरेंद्र दिलेर ने यमुना के किनारे टक्कर बनवाने की बात कही, ताकि यमुना की कटान में जमीन के हरियाणा की सीमा में जाने से रोका जा सके। 28 दिसंबर को गांव मालव में हुई किसानों की पंचायत के बाद विधायक ने यमुना नदी के किनारे पहुंचकर कटान की भी जानकारी ली। साथ ही यूपी–हरियाणा सीमा विवाद पर डीएम और सीएम के समक्ष टप्पल क्षेत्र के किसानों की समस्या रखने की बात कही। गांव मालव के आदर्श सत्यदेव इंटर कॉलेज में आयोजित किसान पंचायत में किसान प्रेमपाल सिंह ने बताया कि जब भी यमुना में बाढ़ आती है तो दो से ढाई हजार बीघा जमीन हरियाणा सीमा की ओर चली जाती है। कटान का खतरा गांव शेरपुर से लेकर गांव रामगढ़ी तक ज्यादा रहता है क्यों कि यहां कोई टक्कर नहीं बनी है। दशकों से किसान यमुना नदी के किनारे टक्कर बनवाए जाने की मांग कर रहे हैं। यह समस्या टप्पल और दूसरी तरफ हरियाणा के पलवल जिले के किसानों के बीच टकराव की स्थित पैदा करती है।

## हरदुआगंज तापीय परियोजना में बिजली का उत्पादन बंद

अलीगढ़ हरदुआगंज तापीय परियोजना कासिमपुर पावर हाउस की सभी यूनिटें अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दी गई हैं। इसके साथ ही इस तापीय परियोजना से बिजली का उत्पादन पूरी तरह से बंद हो गया है। लखनऊ मुख्यालय के आदेश पर नौ दिन बाद ही शुक्रवार की रात एक–एक कर आठ, नौ और दस नंबर वाली तीन यूनिट से दोबारा उत्पादन बंद कर दिया गया, जबकि सात नंबर की एक यूनिट पहले से बंद चल रही थी। तापीय परियोजना के महाप्रबंधक एचके गुप्ता ने बताया कि सर्दियों में बिजली की मांग घटने के कारण लखनऊ मुख्यालय के आदेश पर यह यूनिटें बंद की गई हैं। इससे पहले करीब एक माह तक तापीय परियोजना की सात, आठ, नौ और दस नंबर यूनिट बंद कर दी गई थीं। मुख्यालय के ही आदेश से 19 दिसंबर को आठ, नौ और दस नंबर यूनिटों को शुरू कर उत्पादन शुरू किया गया था। शुक्रवार की रात 11रू45 बजे 250–250 मेगावाट वाली आठ और नौ नंबर यूनिट पर उत्पादन बंद किया गया। इसके बाद रात 12रू15 बजे 660 मेगावाट वाली दस नंबर यूनिट पर भी उत्पादन बंद कर दिया गया। 110 मेगावाट बिजली उत्पादन वाली सात नंबर यूनिट पहले से बंद चल रही है। इस तरह चारों यूनिट अनिश्चितकाल के लिए बंद हो गई हैं।

## युवा नेता महेश धनगर ने पूर्व विधायक ठाकुर राकेश सिंह के साथ गांव गांव जाकर बांटा लोगों का दुःख दर्द



अलीगढ़ |मुलायम सिंह यादव यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय सचिव और ऑल इंडिया धनगर समाज महासंघ के जिलाध्यक्ष धनगर महेश बघेल ने छर्रा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक ठाकुर राकेश सिंह के साथ गांव गांव जाकर समाजवादी पार्टी की नीतियों का प्रचार प्रसार किया |आपको बता दें कि युवा नेता महेश धनगर ने अलीगढ़ जिला पंचायत वार्ड नंबर 40 के गांव कासिमपुर, तेहरा,भिलावली,भदरोई और जिरौली हीरा सिंह आदि गांवों में दौरा किया और यहां के लोगों से उनकी समस्याएं जानते हुए ना सिर्फ हर उनके समाधान का भरोसा दिलाया बल्कि यहां पर ग्रामीणों के साथ उनका दु:ख दर्द भी बांटा जिसके प्रति उत्तर ने लोगों ने जिलाध्यक्ष महेश धनगर को अपना आशीर्वाद भी प्रदान किया |खास बात ये है कि इस दौरान युवा नेता महेश धनगर के साथ उनके तमाम समर्थक भी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## प्रदीप रावत को खेल संघ के अध्यक्ष और पूर्व विधायक विवेक बंसल ने कुशल खेल प्रबंधन अवार्ड 2024 से सम्मानित किया

अलीगढ़ |धर्म समाज बाल मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के खेल प्रभारी स्केटिंग सचिव प्रदीप रावत को खेल संघ के अध्यक्ष और पूर्व विधायक विवेक बंसल ने कुशल खेल प्रबंधन अवार्ड 2024 से सम्मानित किया |विवेक बंसल ने कहा खेल प्रभारी प्रदीप रावत ने स्केटिंग खेल, स्केटिंग खो–खो खेल और टेनिस क्रिकेट खेल में 2024 सत्र में अनेक प्रतियोगिताएं कुशलता पूर्वक कराई गई और खिलाड़ियों ने उपलब्धियां प्राप्त की,इतना ही नहीं खिलाड़ियों को इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से जिला स्तरीय, मंडल स्तरीय, प्रदेश स्तरीय और राष्ट्रीय स्तर पर खेलने का मौका मिला और खिलाड़ियों को विभिन्न प्रतियोगिताओं ने मेडल भी प्राप्त किए। श्री बंसल के अनुसार खेल प्रभारी प्रदीप रावत प्रतियोगिताओं को कुशलता पूर्वक संचालन करते हैं और उसका लाभ खिलाड़ियों को मिलता है। इसके अलावा प्रदीप रावत को खेलों की प्रतियोगिता कराने का 24 वर्षों का अनुभव हो चुका है और हमेशा देखा है की प्रतियो. गिताओं की व्यवस्था उच्च कोटि की होती है साथ ही उनके सिखाए हुए लगभग 22 खिलाड़ी आज अकादमी और स्कूलों में कोच एवं खेल प्रशिक्षक का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने सन 2003 से धर्म समाज इंटर कॉलेज में खेल प्रशिक्षक का कार्य किया था और अब लगातार धर्म समाज बाल मंदिर में खेल प्रभारी हैं |इनके मार्गदर्शन में 2021 में स्केटिंग खिलाड़ी खिलाड़ी चंद्र सिंह चौधरी राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्राप्त कर चुका है स्केटिंग खेल में 10 खिलाड़ी 2022 में काठमांडू में इंडो नेपाल स्केटिंग प्रतियोगिता में 20 गोल्ड मेडल प्राप्त कर भारत देश का नाम रोशन कर चुके हैं |वहीं कर्नाटक बेलगांव से लगभग 10 वर्षों में 65 खिलाड़ी गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज कर चुके हैं |इसके अलावा स्केटिंग खिलाड़ी विभिन्न रिकॉर्ड बना चुके हैं।



प्रदीप रावत एक कुशल और मेहनती कोच हैं और अलीगढ़ में जिला स्तर से लेकर प्रदेश स्तर की प्रतियो. गिताएं में कर चुके हैं |खिलाड़ी उनके मार्गदर्शन में अवश्य ही सफलता पता है |अवार्ड मिलने पर जिला ओलंपिक महासचिव मजहर उल कमर, कीड़ा भारती के महामंत्री डॉ.शंभू दयाल रावत,स्केटिंग खो–खो महासचिव डॉ. नीलम पाराशर,नेशनल टेनिस क्रिकेट अंपायर रिंकू दिक्षित,राष्ट्रपति पुरस्कार विजेता राहुल भाटी,बाइक एंड एडवेंचर के अध्यक्ष इंजीनियर योगेश कुमार शर्मा,डॉ. कृष्ण मोहन शुक्ला,रेखा चौधरी,सचिन चौधरी,सतीश कुमार,राजू चौधरी,स्केटिंग कोच वंशिका चौहान,विनीत कुमार और रजनीश जैन ने हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी।

# आज भारतीय जनता पार्टी मंडल बबराला द्वारा नगर पंचायत कार्यालय पर माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी जी की मन की बात का लाइव प्रसारण

**हाथरस (जननायक सम्राट) संवावदाता मनोज शर्मा : आज** भारतीय जनता पार्टी मंडल बबराला द्वारा नगर पंचायत कार्यालय पर माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी जी की मन की बात का लाइव प्रसारण देखते हुए बबराला मंडल के कार्यकर्ता जिसमें शामिल नगर पंचायत अध्यक्ष हर्षवर्धन वार्ष्णेय मंडल अध्यक्ष बबराला रेलवे सलाहकार सदस्य विनय कुमार वार्ष्णेय मंडल महामंत्री दिनेश कौशल अनिल कुमार योगेश गुप्ता योगेंद्र यादव सावरेन जाटव निशंक गुप्ता प्रशांत वार्ष्णेय



अरविंद वार्ष्णेय राजीव गोयल प्रभास कृष्णा एवं सभासद मीना गुप्ता एवं दर्जनों कार्यकर्ताओं ने मोदी जी की मन की बात का लाइव प्रसारण देखा अंत में बूथ अध्यक्ष दिनेश कौशल दिनेश कौशल का स्वागत किया तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष बबराला द्वारा की गई

## हाथरस गेट पुलिस ने एक अभियुक्त को 28 क्वार्टर अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया

हाथरस। **(जननायक सम्राट) संवावदाता मनोज शर्मा** रविवार को पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा के आद. `शानुसार चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में थाना हाथरस गेट पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है । जिसका नाम राजू पुत्र हीरालाल निवासी दयानतपुर थाना हाथरस गेट है। जिसके कब्जे से 28 क्वार्टर अवैध देशी शराब बरामद हुई है । अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के



सम्बन्ध में थाना हाथरस गेट पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिपूर्ण कार्यवाही की जा रही है । गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम के नाम उ0नि0 धीरेन्द्र कुमार हाथरस गेट, कां0 467 प्रिन्स कुमार थाना हा. थरस गेट जनपद हाथरस है।

## निमोनिया से मासूम की गई जान, बीमारी से वृद्धा की मौत, दोनों परिवार में छाया मातम

हाथरस। संवावदाता मनोज शर्मा तीन माह की बच्ची अनवी निमोनिया से पीड़ित थी। हालत अधिक बिगड़ने पर उसे जिला अस्पताल लेकर आए। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। शकुंतला देवी की तबियत अचानक बिगड़ गई। उन्हें घबराहट होने लगी। अस्पताल चिकित्सकों ने उन्हें भी मृत घोषित कर दिया। निमोनिया से एक मासूम व ह्रदय की बीमारी से एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। दोनों परिवार में मातम छा गया। कोतवाली मुरसान क्षेत्र के खेड़ा बरामई निवासी तीन माह की बच्ची अनवी निमोनिया से पीड़ित थी। परिजन उसका उपचार करा रहे थे। बीती देर शाम को हालत अधिक बिगड़ने पर उसे




जिला अस्पताल लेकर आए। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर, शकुंतला देवी (82) निवासी देवीराम निवासी अहियापुर थाना सदर कोतवाली की तबियत अचानक बिगड़ गई। उन्हें घबराहट होने लगी। परिजन उन्हें जिला अस्पताल लेकर आए। जहां चिकित्सकों ने उन्हें भी मृत घोषित कर दिया। दोनों के परिजन बिना पोस्टमार्टम कराए शव को अपने साथ ले गए??सीएमएस डॉ. सूर्य प्रकाश का कहना है सर्दी जनित बीमारियों से पीड़ितों की संख्या जिला अस्पताल में बढ़ गई है। छोटे बच्चे निमोनिया की जद में आ रहे हैं। बुजुर्गों में ह्रदय संबंधी बीमारी बढ़ गई हैं।

## Google Map पर भरोसा करना पड़ा भारी, हाथरस में मिट्टी के टीले से टकरा गई कार

उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले में गूगल मैप नेविगेशन पर भरोसा करना एक बार फिर खतरनाक साबित हुआ. यहां गूगल मैप के कारण हाथरस जिले में थाना हा. थरस जंक्शन क्षेत्र में नए निर्माणाधीन हा. ईवे पर गूगल मैप की वजह से हादसा हुआ है. मथुरा से बरेली जाते में गूगल मैप ने एक कार चालक को इस हाईवे पर साफ रास्ता दिखाया था. गूगल मैप पर रास्ता देखकर गाड़ी चला रहे कार सवार हादसे के शिकार हुए हैं, उन्हें चोट लगी है. बंद हाइवे पर यह कार मिट्टी के टीले से टकरा गयी जिसमें कार क्षतिग्रस्त हो गयी. इस हाइवे पर डायवर्जन का कोई चिन्ह ही नहीं बना है और रोड ब्लॉकिंग की चेतावनी भी नहीं है. कोई सूचना बोर्ड न होने से यहां वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं.सूचना पर पहुंची जंक्शन पुलिस ने कार सवारों का रेस्क्यू किया और उन्हें बाहर निकाला है. कार सवारों का कहना है कि इस हाईवे के संबंध में प्रशासन को गूगल मैप को सही कराना चाहिए ताकि कोई और हादसा न हो. बताया जाता है कि सड़क का उद्‌घाटन नहीं हुआ था न ही सड़क



का काम पूरा हुआ था. लेकिन गुगल मैप नेविगेशन ने निर्माणाधीन सड़क का रास्ता दिखाया जाता है.हाथरस के एडीएम डॉ. बसंत अग्रवाल ने बताया कि यह हादसा वाहनपुर गांव के पास हुआ है. घटना को लेकर एनएचएआई के अधिकारियों से बात की गई है और रिपोर्ट भी मांगी गई है. हमारी तरफ से यात्रियों की सुरक्षा को लेकर भी कदम उठाए जा रहे हैं. इस मामले में जांच के आधार पर ही आगे कार्रवाई की जाएगी.

उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पहले उत्तर प्रदेश के ही बरेली में गूगल मैप के कारण एक दर्दनाक हादसा हुआ था. गूगल मैप नेविगेशन के कारण तीन दोस्तों की जान चली गई थी. कार चालक ने हादसे के दौरान गूगल मैप ने. विगेशन का इस्तेमाल किया था, जो उन्हें एक अधूरे पुल पर ले गया और इसी दौरान उनकी कार नदी में जा गिरी थी.

## थाना दिवस जिनसे है शिकायत, वही करते हैं सुनवाई, नहीं हो रहा भरोसा, इसलिए कम हो रहा रुझान

अधिकांश शिकायतें पुलिस और तहसील से संबंधित होती हैं। कहीं पुलिस तो कहीं लेखपाल, कानूनगो से शिकायत रहती हैं। थाना दिवस में यही सुनवाई के दौरान यह मौजूद भी रहते हैं और निस्तारण करने लिए भी इन्हीं को भेजा जाता है। समस्या यह भी है कि जिनसे शिकायत हैं, उनके सामने ही उनकी शिकायत करने से भी लोग बचते हैं। हा. थरस के जिलाधिकारी और एसपी के यहां रोज फरियादियों की कतार लगी रहती है, लेकिन थाना दिवस अफसर शिकायतें पहुंचने का इंतजार करते रहते हैं। 28 दिसंबर को आयोजित थाना दिवस में सहपऊ में एक भी शिकायत नहीं पहुंची तो कहीं इक्का–दुक्का ही शिकायतें पहुंचीं और अधिकारी बैठकर चले गए। इसकी बड़ी वजह यह भी है कि अधिकांश शिकायतें पुलिस और तहसील से संबंधित होती हैं। कहीं पुलिस तो कहीं लेखपाल, कानूनगो से शिकायत रहती हैं। थाना दिवस में यही सुनवाई के दौरान यह मौजूद भी रहते हैं और निस्तारण करने लिए भी इन्हीं को भेजा जाता है। समस्या यह भी है कि जिनसे शिकायत हैं, उनके सामने ही उनकी शिकायत करने से भी लोग बचते हैं। फरियादियों को भरोसा नहीं हो




पा रहा है कि उनकी समस्या का समाधान थाना दिवस में हो पाएगा, इसलिए वह जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक कार्यालय का रुख कर रहे हैं। थाना दिवस में अधिकारी तो पहुंचे लेकिन फरियादियों के बैठने के लिए लगाई हुईं कुर्सियां खाली पड़ी रहीं। अधिकारी फरियादियों का इंतजार करते रहे। कुछ थानों में शिकायतों का निस्तारण मौके पर किया गया, कुछ में समाधान के निर्देश जारी किए गए। जिले में महिला थाने सहित 11 थाने हैं। इनमें शनिवार को थाना दिवस आयोजित किया गया। इनमें 35 शिकायतें पहुंचीं। जबकि पुलिस अधीक्षक के पास ही हर दिन लगभग 25 लोग अपनी फरियाद लेकर पहुंचते हैं। जिलाधिकारी के यहां तो यह संख्या और भी अधिक होती है। सिकंदराराऊ में नौ शिकायतें पहुंचीं, सहपऊ थाने पर एक भी फरियादी नहीं पहुंचा है। हसायन में चार शिकायतें आईं, दो का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। केस–1डीएम–एसपी मौजूद रहे...फिर भी शिकायतें आईं सिर्फ आठ सदर कोतवाली में डीएम राहुल पांडेय व एसपी चिरंजीव नाथ सिन्हा की अध्यक्षता में थाना दिवस आयोजित किया गया। इसके बावजूद थाना दिवस में फरियादियों की संख्या काफी कम रही। थाना दिवस में महज आठ शिकायतें पहुंचीं। इनमें से चार शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

## रेकी कर लूटा था मोबाइल व बाइक, दो गिरफ्तार

सीओ सादाबाद हिमांशु माथुर ने बताया कि पुलिस ने लूट के दो आरोपियों को बघना रोड से गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों ने पुलिस पूछताछ में अपने नाम ललित और अजय उर्फ डैनी निवासीगण गांव बोझिया थाना हाथरस जंक्शन बताए हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूट की बाइक व घटना में प्रयुक्त बाइक सहित अन्य सामान बरामद किया है। रेकी कर दिया लूट को अंजाम गिरफ्तार आरोपी ललित ने पूछताछ में बताया कि एक उसने रेकी कर पता लगाया कि मनीष कुमार रोजाना प्रतिदिन करीब 10 बजे परसारा की ओर जाते हैं। मनीष शारीरिक रूप से दुबले–पतले हैं, इसलिए उन्हें लूटना बहुत सरल है। उन्होंने अपने साथी अजय के साथ मिलकर मनीष को लूटने की योजना बनाई। 25 दिसंबर की रात आरोपियों ने योजनाबद्ध तरीके से मनीष से बाइक व मोबाइल फोन लूट लिया।

**सूचना**
विज्ञापन एवं विज्ञप्ति के लिए सम्पर्क करें
कार्यालयः सरोज नगर गली न. 5, क्वार्सी बाईपास रोड, अलीगढ़
हैल्पलाइन न.
8218049162,9870916612

**आवश्यकता है**
हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र जननायक सम्राट के लिए जिला व्यूरो चीफमंडल व्यूरो चीफ ब्लाक ,ब्यूरो संवाददाता की आवश्यकता है।
सम्पर्क करें -
अमित कुमार वर्मा -संम्पादक
मोः-8218049162,8273402499




**जननायक सम्राट**
**हिंन्दी साप्ताहिक**
मालिक,मुद्रक, प्रकाशक आरती वर्मा द्वारा आशु प्रिंटिंगप्रेस,अचलताल अलीगढ़ से मुद्रितकराकर . कार्यालय सरोज नगर गली नम्बर 5,अलीगढ़ से प्रकाशित
सम्पादक–अमित कुमार वर्मा
सभी विवाद का न्याय क्षेत्र जनपद अलीगढ़ न्यायलय ही होगा